卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 360 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦6 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब



नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा है। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की थी, जिसमें उनकी तत्काल रिहाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एन.वी. अंजन्या की पीठ ने इस मामले में फिलहाल कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार करते हुए कहा कि अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को की जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के कारण परिवार को नहीं बताए गए हैं, जो कानूनन आवश्यक है। उन्होंने इसे गैरकानूनी हिरासत बताते हुए अदालत से हस्तक्षेप की मांग की। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को सूचित किया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण बताए गए (शेष पृष्ठ सात पर)

## पछुवा दून में लव जिहाद का आतंक

### नाबालिग हिंदू लड़की को अगवा करने का प्रयास




देहरादून। पछुवा दून का क्षेत्र लव जिहाद के आतंक में जी रहा है। कठोर धर्मांतरण कानून को लागू करने वाली धामी सरकार का पुलिस प्रशासन इस जिहाद पर अभी भी प्रभावशाली कदम उठाने में संकोच कर रहा है। ताजी घटना विकास कोतवाली क्षेत्र में सामने आई है घटना भी अजीबोगरीब और आपत्तिजनक है जिसने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के अनुसार, एक मुस्लिम युवक ने फिल्मी स्टाइल में एक हिंदू नाबालिग की मांग में जबरन सिंदूर भरने की कोशिश की और उसे खेतों के रास्ते अगवा करने का प्रयास किया। घटना के बाद नाबालिग के परिवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियंत्रित डंपर की टक्कर से अधेड़ की मौत

रुद्रपुर। एनएच–74 पर रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में डंपर की टक्कर से एक अधेड़ की जान चली गई। तेज रफ्तार डंपर ने हाईवे पर एक युवक को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक घटना किच्छा रोड बगवाड़ा क्षेत्र की है, जहां लगभग 45 वर्षीय हृदयेश साहनी डंपर की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और एनएचएआई एंबुलेंस सेवा को दी। एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हल्द्वानी एसटीएच रेफर कर दिया। बताया गया है कि हल्द्वानी में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने डंपर और उसके चालक की तलाश भी शुरू कर दी है। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे कांग्रेसी



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जुटे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि राज्य की डबल इंजन सरकार पूरी तरह किसान विरोधी हो चुकी है और लगातार किसानों की अनदेखी कर रही है। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने धान की खरीद में हो रही अनियमितताओं, बकाया भुगतान में देरी, गन्ने के समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने, किसानों के बिजली बिल माफ करने, खाद की किल्लत से जूझते किसानों की समस्याओं और भूमि रजिस्ट्री पर लगी रोक से उत्पन्न बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कराकर वोट चोरी जैसे गंभीर लोकतांत्रिक अपराधों को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेसियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया जिसमें बाजपुर के अन्तर्गत 20 ग्रामों की भूमि प्रकरण का उचित समाधान करने, धान की फसल खरीद के पुख्ता इंतजाम करने, कृषको को धान की फसल की पैमेन्ट 15 दिन के अन्दर करवाने , चीनी मिल को चालू करनवाने, कृषकों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुये गन्ने का समर्थन मूला 500 रूपये प्रति कुंतल करने, प्राकृतिक आपदा में जिन–(शेष पृष्ठ सात पर)

## धान खरीद में अनियमितताओं के खिलाफ धरना प्रदर्शन



रुद्रपुर। सरकारी धान खरीद में फैली अव्यवस्थाओं और किसानों को कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर किए जाने के खिलाफ सोमवार को किसानों ने गल्ला मंडी में धरना प्रदर्शन किया। तराई किसान यूनियन के बैनर तले जुटे सैकड़ों किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया और आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र की लचर व्यवस्था के कारण किसानों का शोषण हो रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। मंडियों में किसानों से आढ़ती और मिल स्वामी जबरन 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं, जो कि न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि सीध–सीधे सरकारी नीतियों की अवहेलना भी है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि धान में कृत्रिम कमियां निकालकर किसानों को डराया–धमकाया जा रहा है, जिससे वे मजबूरी में औने–पौने दामों में अपनी उपज बेचने को बाध्य हो रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया (शेष पृष्ठ 7 पर)

## शिकायत के बाद पुलिस ने घर में पकड़ा शराब का जखीरा




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा बस्ती में एक घर में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ मोहल्लेवासी मुखर हो गये। शिकायत के बाद पुलिस ने जब घर में छापा मारा तो मौके पर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गयी। मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा में काली मंदिर के पास पिछले कई वर्षों से एक घर में अवैध शराब का कारोबार चलने की शिकायतें मिल रही थी। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पूर्व में भी पुलिस से इसकी शिकायत की गयी लेकिन शराब माफिया के प्रभाव की वजह से माले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की गयी। मोहल्लेवासियों का कहना है कि अवैध जहरीली शराब के कारण बस्ती में कई लोगों की मौत हो चुकी है। आज पुनः इस मामले में मोहल्लेवासियों ने पुलिस से शिकायत की और मामले को लेकर प्रदर्शन भी किया। शिकायत के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर में जब छापा मारा तो मौके पर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब पकड़ी गयी। पुलिस ने घर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। कार्रवाई के दौरान लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गयी। उन्होंने शराब माफियाओं के (शेष पृष्ठ सात पर)

## फिलहाल, नहीं आएंगे 'सरकारी स्कूलों के अच्छे दिन'

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रुकी 18 हजार से अधिक शिक्षकों की पदोन्नति,पदोन्नति न हो पाने के कारण उत्तराखंड के 90 फीसदी शासकीय स्कूल पहले ही प्रधानाचार्य विहीन, प्राचार्य से लेकर चपरासी तक का कार्य शिक्षकों के जिम्मे**

–अर्श–

देहरादून। जर्जर भवनों से लेकर छात्रों की कम होती संख्या और प्रधानाचार्य व शिक्षकों की भारी कमी की समस्या से एक अरसे से जूझ रहे उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों का संकट, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद और भी गहरा गया है। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को दिए गए अपने आदेश में यह व्यवस्था दी है कि जिन शिक्षकों की सेवा अवधि में पांच साल से अधिक समय बाकी है, वे सभी दो साल के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करें। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस आदेश में पुराने और नए दोनों ही शिक्षकों को शामिल करते हुए शिक्षकों की पदोन्नति के लिए भी टीईटी को अनिवार्य कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के उपरोक्त आदेश से प्रदेश में पदोन्नति के मामले में हजारों शिक्षकों की पदोन्नति की संभावनाओं को बड़ा एक बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के बाद उत्तराखंड में शिक्षकों की पदोन्नतियां रोक दी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से राज्य के बेसिक और जूनियर हाईस्कूलों के 18 हजार से अधिक शिक्षकों के प्रभावित होने की संभावना है। लिहाजा राज्य सरकार अब इस प्रकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने जा रही है।



उल्लेखनीय है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ की भारी कमी एवं शिक्षकों की पदोन्नति के मसले का निदान करने के लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर गंभीर विचार मंथन कर रही थी और समझा जा रहा था, कि सरकार की ओर से एक ऐसी प्रभावकारी कार्य योजना अमल में लाई जाएगी, जिससे शिक्षकों की पदोन्नति का मसला तो हल होगा ही, साथ ही राज्य के सरकारी स्कूलों के अच्छे दिनों का मार्ग भी प्रशस्त हो जाएगा। मगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पर फिलहाल विराम लगने के साथ ही, सरकारी स्कूलों की बेहतरी की संभावना भी फिलवक्त कमजोर पड़ गई है। वह इसलिए, क्योंकि उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों की सबसे प्रमुख समस्या मुखिया विहीन विद्यालय हैं। राज्य के करीब 90 फीसदी शासकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य ही नहीं है राज्य शिक्षक संघ के आंकड़ों के अनुसार गढ़वाल मंडल में कुल 1,311 सरकारी माध्यमिक विद्यालय मौजूद हैं, जिनमें से 1,265 विद्यालयों में प्रधानाचार्य ही नहीं हैं। यानी यहां केवल 46 विद्यालयों में ही प्रधानाचार्य के पद पर स्थायी नियुक्ति हैं। बात प्रदेश की राजधानी की करें तो देहरादून जिले में प्रधानाचार्य के 264 पद खाली हैं। वही धर्मानगर हरिद्वार में 73 पद पर प्रधानाचार्य की स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। पहाड़ी जिले टिहरी जिले में भी 268 प्रधानाचार्य के पद खाली हैं तथा (शेष पृष्ठ 7 पर)

# स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान से उत्तराखंड बनेगा खेल प्रतिभाओं का केंद्र: धामी

## हरिद्वार एलमास उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 चैंपियनशिप का विजेता रहा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के द्वारा राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम रायपुर देहरादून में आयोजित उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। हरिद्वार एलमास उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है। इसी को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस लीग में महिलाओं की भागीदारी भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी। मुझे बताया गया है कि इतने कम समय में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की बालिकाओं द्वारा बी.सी.सी.आई. के तत्वाधान में आयोजित अंडर 19 वर्ग की महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है। लेकिन, यह भी सोचने का विषय है कि उत्तराखंड का टैलेंट बाहर क्यों जा रहा है? हम जब देखते है कि हमारे पहाड़ी मूल के खिलाड़ी आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, पर अपने राज्य से नहीं बल्कि दूसरे राज्यों की टीम से खेल रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेट विश्वस्तरीय 'स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर' के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है और अब हमारे प्रदेश में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन भी होने लग गए हैं। हमारी सरकार उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में स्थापित करने उद्देश्य से राज्य में शीघ्र ही एक ''स्पोर्ट्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को ''आउट ऑफ टर्न'' सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही, हमारी सरकार मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के







चैंपियनशिप का विजेता रहा। सभी खिलाड़ियों एंव आयोजन समिति के पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा उत्तराखंड प्रीमियर लीग चौंपियनशिप को जीतने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि वे सभी टीमे और खिलाड़ी जो इस बार जीत से कुछ कदम दूर रह गए हैं उनसे मेरा आग्रह है कि खेल में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन जो बात सबसे महत्वपूर्ण है वो है आपकी खेल भावना, परिश्रम और निरंतर आगे बढ़ने का जज्बा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और पुरूषों के साथ ही महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा पुरूष खिलाडियों के साथ-साथ महिला खिलाडियों के क्रिकेट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। महिला खिलाड़ियों की चार टीमों प्रतियोगिता में दो बार चौंपियन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया गया है। इसके साथ ही ये हमारे राज्य के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि पर्वतीय राज्य की तीन बालिकाएं राघवी बिष्ट, प्रेमा रावत एवं नंदनी कश्यप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही है। उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से वर्तमान में न्यूजीलैंड में होने वाली सीरीज में भारतीय टीम में जगह बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड के युवाओं द्वारा बढ़-चढ़कर ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया जा रहा है, जो पूरे भारत में उत्तराखंड की अलग पहचान बना रहा है। आज का युवा उत्तराखंड को खेल के क्षेत्र में भी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहना चाहता हूं कि उत्तराखंड की टीम देश की सबसे मजबूत टीम बने, ऐसी व्यवस्था की जाए। क्योंकि हमारी सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है। इसी वर्ष हमारे राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने उत्तराखंड को "देवभूमि" के साथ ही "खेलभूमि" के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रचते हुए राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड लेगेसी प्लान'' भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने एक नवीन 'खेल नीति' भी लागू की है। इस नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 'उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार' और ' हिमालय खेल रत्न पुरस्कार' प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित कर रहे हैं। इसके अलावा, हमने राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू कर दिया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक उमेश शर्मा, उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, खेल विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को राज्य के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा स्तर पर किए गए कौशल विकास के प्रयोग सफल रहे हैं और अब इन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर भी आगे बढ़ाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, और आशा व्यक्त की कि वर्ष 2027 तक यह विश्वविद्यालय NAAC ls A++ ग्रेड प्राप्त करेगा। उन्होंने घोषणा की कि राज्य के सभी 13 जनपदों में विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों हेतु भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही देहरादून में अतिरिक्त भूमि भी विश्वविद्यालय को प्रदान की जाएगी। डॉ. रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा तथा ऑडिटोरियम को साउंडप्रूफ बनाया जाएगा। साथ ही संस्कृति अकादमी में भी विश्वविद्यालय को स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। धन सिंह ने कहा कि अब तक राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को घ16 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है और लक्ष्य है कि इसे राज्य का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय को सुझाव दिया कि अध 'सैनिक बलों, सैनिकों एवं नागरिक पुलिस कर्मियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु संबंधित विभागों से एमओयू (समझौते) किए जाएं। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षकों के पारस्परिक सहयोग एवं अदला-बदली कार्यक्रम शुरू करने की बात कही, जिससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता एवं अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है और आने वाले समय में यह संस्था पूरे देश में उत्तराखंड का गौरव बढ़ाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्व विद्यालय राज्य के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर माननीय सांसद उधम सिंह नगर एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्य, भा.ज.पा. प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रोफेसरगण एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।





# नशीली दवाओं के खिलाफ निकाली विधिक साक्षरता रैली

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशों एवं प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में रविवार को नशीली दवाओं के विरुद्ध एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का संचालन सिविल जज (सी०डि०) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल, पारुल थपलियाल द्वारा किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर (सिविल कोर्ट कैंपस) से प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज के सभागार में समाप्त हुई, जहां छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के सुधीर तोमर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, सीनियर सिविल जज हर्ष यादव, सिविल जज जूनियर डिवीजन उर्वशी रावत, प्रथम अपर सिविल जज रुचिका गोयल, द्वितीय सिविल जज स्नेहा नारंग, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सोहन तिवारी, डिप्टी चीफ हेमा शर्मा, असिस्टेंट प्रीत भट्ट, रिटेनर फ्रंट ऑफिस से तारा आर्य, यशवंत कुमार और अंबिका समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। इनमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज, मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर एवं विशप शाह तल्लीताल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली के समापन पर एक विशेष सत्र में वक्ताओं ने नशे के बढ़ते खतरे और नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही, छात्रों को इससे दूर रहने, सतर्क रहने और समाज में नशा विरोधी संदेश फैलाने की प्रेरणा दी गई



# ऋषिकेश में सड़क किनारे पत्तल में खाना खाते नजर आए रजनीकांत

ऋषिकेश। सुपरस्टार रजनीकांत को देश ही नहीं दुनियाभर में पसंद किया जाता है। आजकल वो ग्लैमर वर्ल्ड से दूर पहाड़ों में यानी की देवभूमि उत्तराखंड में समय बिता रहे हैं। काम से ब्रेक लेकर वो आध्यात्मिक जर्नी पर हैं। दरअसल शनिवार को वो उत्तराखंड आए थे। इसी बीच वो ऋषिकेश भी पहुंचे। जहां से उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रही है। इस फोटो में सुपरस्टार की सादगी नजर आई। अभिनेता ऋषिकेश में सड़क किनारे पत्तल में खाना खाते नजर आए। रजनीकांत अक्सर उत्तराखंड आते रहे हैं। शनिवार को वो ऋषिकेश गए। जहां से उनकी एक फोटो वायरल हुई। इस फोटो में देखा जा सकता है कि उन्होंने धोती-कुर्ता पहन रखा है। जहां पर वो सड़क किनारे पत्तल में खाना खा रहे हैं। रजनीकांत की ये सादगी फैंस को काफी पसंद आ रही है। बताते चलें कि वो बाद में गंगा आरती में भी शामिल हुए। बता दें कि रजनीकांत फिल्म जेलर 2 में नजर आएंगे। ये फिल्म अगले साल जून में दस्तक दे सकती है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत की हेल्थ को ध्यान में रखकर की जा रही है। तो वहीं आखिरी बार रजनीकांत को कुली फिल्म में देखा गया था।



# नशा उन्मूलन को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर के माननीय सचिव के आदेश क्रमांक 46, 53/2025-26 तथा उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के पत्र संख्या 2198/यूके-सालसा के अनुपालन में रविवार को नालसा योजना-2015 (नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज, शक्ति फार्म और ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सितारगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के लगभग 70 से 75 छात्र-छात्राओं और समस्त स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों, सामाजिक परिणामों और इससे निपटने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के साथ नशा उन्मूलन हेतु एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क विधिक सहायता सेवाएं, नालसा टोल फ्री नंबर ख्र 15100 और अन्य सहायता माध्यमों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता श्रीमती मनोरमा गुप्ता, श्री विश्वजीत राय और श्री रवि कुमार सागर के साथ-साथ प्राविधिक कार्यकर्ता मनोज कुमार, मंगल सिंह, मुकेश चंद्र, मंजू रानी और मंगेश्वरी देवी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



# नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

## हल्द्वानी ने रामबाग को 5-0 से दी करारी मात

शक्तिफार्म।रुदपुर में रविवार को नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच में हल्द्वानी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामबाग की टीम को 5-0 से हराकर विजयी आगाज किया। रामबाग टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। मैच के नायक रहे हल्द्वानी के प्रियंजल, जिन्होंने दो गोल दागकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।मैच की शुरुआत से ही हल्द्वानी की टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए रामबाग के गोलपोस्ट पर लगातार दबाव बनाए रखा। आठवें मिनट में प्रियंजल ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके तुरंत बाद प्रवीन बिष्ट और तनिष्क ने एक-एक गोल कर पहले हाफ में ही टीम को 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ के छठे मिनट में प्रियंजल ने अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त 4-0 कर दी।



खेल के अंतिम क्षणों में रोहित ने शानदार गोल कर जीत को 5-0 पर सील कर दिया।रामबाग की ओर से कप्तान ब्रजेश, धर्म, अमित और सौरभ ने वापसी की कोशिशें कीं, लेकिन हल्द्वानी की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह, प्रधान सुकुमार वैद्य, बीडीसी रतन गोलदार और सुकुमार गाईन ने संयुक्त रूप से किया।मैच के रैफरी अखिलेश मंडल, सहायक रैफरी सुमित और राहुल, जबकि कमेंट्रेटर की भूमिका में पंकज राय, जयंत मंडल, सव्यसाची हालदार और सुनील सरकार रहे।कार्यक्रम में संजय बछाड़, प्रशांत मंडल, मनोज सरकार, मनोज मंडल, सूरज मंडल, रजत बछड़, चिरंजीत सरकार, संजय मंडल, राहुल आचार्य और टिकेंद्र मंडल समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मां भगवती के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शनिवार रात्रि को सुभाष कॉलोनी वार्ड नंबर 29 स्थित श्री मनोकामना वैष्णो मंदिर और वार्ड नंबर 25 प्रीत विहार में आयोजित मां भगवती



जागरण कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने मां के चरणों में हाजिरी लगाकर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। जागरण में भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में माहौल भक्तिमय बना रहा। आयोजकों की ओर से पूर्व विधायक ठुकराल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री ठुकराल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक एकता को बल मिलता है। उन्होंने आयोजकों और क्षेत्रवासियों को भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। सुभाष कॉलोनी में समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, मंदिर कमेटी अध्यक्ष कमल पाल, अमन पाल, अजय पाल, प्रदीप पाल, जोगा सिंह, जितेंद्र कुमार, सुंदरम रस्तोगी, चंद्रपाल, हरेंद्र पाल, मदनपाल, सतपाल, विमल पाल, अरविंद मिश्रा, चमन लाल, वेद प्रकाश मौर्य, आकाश, पवन पाल, बबलू पाल, राजदीप पाल, राहुल पाल, सूरज आर्या, विकास पाल, महेंद्र पाल, प्रमोद प्रजापति, हुकुम पाल, प्रिंस शर्मा, रमेश ठाकुर, रमन पाल, गौरव पाल, सहदेव पाल, नकुल, संजय पाल, सुरेश पाल, सचिन पाल, अलेश अग्रवाल, नितिन पाल, सनी गिल, अनु गिल, लाइट वाले शर्मा, बिट्टू, गुड्डू, अनुज आदि मौजूद रहे। जबकि प्रीत विहार जागरण में बालक राम मौर्य, प्रेमपाल मौर्य, संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, राजेश मौर्य, आकाश, अनमोल, विक्की मौर्य, राजू गुप्ता, अमन ठाकुर, अकाश सिंह, संकेत ठाकुर, अमित गंगवार, दीपक गुप्ता, विकास गंगवार, मनोज शर्मा, करन, वंश सागर, रजत सागर, राम सागर, राजकुमार कोली, योगेश सागर, राहुल गुप्ता, भानु सागर, अर्जुन मौर्य, मोंटु सागर, अमन देवल, राहुल कोली, हर्ष गंगवार आदि मौजूद थे।

# डॉ ध्रुव पांडेय को शिक्षक रत्न सम्मान मिला

किच्छा(उद संवाददाता)। वसंत गार्डन कॉलोनी निवासी और कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नौली के प्रध ानाध्यापक डॉ. ध्रुव कुमार पांडेय को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षक रत्न सम्मान से नवाजा गया । बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया एवं फ्यूचर विश्वविद्यालय फरीदपुर बरेली के तत्वाधान में आयोजित शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह में डॉ. पांडेय को शिक्षक रत्न सम्मान प्राप्त हुआ उक्त कार्यक्रम में पुरे प्रदेश से लगभग 150 शिक्षक मौजूद थे। डॉ पांडेय को उक्त सम्मान अपने कार्य क्षेत्र में उत्तम कार्य के लिए दिया गया। डॉ पाण्डे ने देश विदेश में नाम रौशन किया है। अब तक 25 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। 6 किताबें लिखी हैं, जिनमें 'इन्वायरमेंटल इसुज एंड पॉलिसीस', 'प्राचीन शिक्षा प्रणाली तथा संस्कार', 'भारतीय समाज में शिक्षा', आधुनिक भारत का सामाजिक इतिहास , भारतीय शिक्षा की सामाजिक समस्याएं , भारत का सांस्कृतिक इतिहास शामिल हैं। इसके अलावा, डॉ. पांडेय ने 15 बुक चैप्टर व 20 रिसर्च पेपर भी लिखे हैं, जो प्रकाशित हो चुके हैं। उनके नाम पर दो पेटेंट भी हैं और उनके पास 20वर्ष का शिक्षण व अनुसंध ान अनुभव है। डॉ. पांडेय की शैक्षिक योग्यताएँ विविध हैं।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में थाई-भारत गौरव सम्मान, नेपाल के त्रिभुवन विश्व विद्यालय में षशिक्षा गौरव सम्मानष, तथा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान और भूटान की राजधानी थिम्पू में 'अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी सेवा सम्मानष'व मेघालय की राजधानी शिलॉंग में श्री कृष्ण जैन स्मृति सम्मान शामिल हैं। डॉ. पांडेय ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता के रूप में भी कार्य किया है। डॉ. पांडेय ने नेपाल, भूटान, थाईलैंड, इंडोनेशिया, वियतनाम, दुबई , जापान जैसे देशों में भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं । उनके इस अद्वितीय योगदान पर क्षेत्रवासियों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।




# उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना ( संशोधित )

समस्त सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण उपखण्ड, किच्छा के क्षेत्रान्तर्गत उपकेन्द्रो से पोषित समस्त उपभोक्ताओं को दीपावली पर्व में निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु उपकेन्द्रों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस कार्य हेतु निम्न सारणी अनुसार विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

अत: सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा जी0आई0एस0, किच्छा एवं पुलभट्टा | 33के०वी० पोषक | एस०आर०होण्डा, बी०बी०आई० पोषक, सिद्धार्थ अलॉय, जी०आई०एस० किच्छा, पुलभट्टा। | सम्बन्धित पोषको के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | 07.10.2025 | प्रात: 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| | | 11 के०वी० पोषक | बहेड़ी फीडर, एस०ई०आर०एल०. सिरौली फीडर, समस्त टाउन पोषक (टाउन-I, टाउन-II एवं टाउन-III), शुगर फैक्ट्री। | | | |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर एवं कुरैया | 33 के०वी० पोषक | लालपुर-I, लालपुर-II- के०एम०पेपर मिल, शीलचन्द एवं कुरैया। | | | |
| | | 11 के०वी० पोषक | लालपुर-I, II एवं III लालपुर इण्डस्ट्रीज, झगझोर, कुरैया एवं दरऊ। | | | |
| 3 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पन्तनगर | 33 के०वी० पोषक | यूनीवर्सटी-प्रथम एवं द्वितीय, एरोड्रम पोषक, इण्डस्ट्रीयल पोषक, आनन्दपुर पोषक, शान्तीपुरी पोषक एवं लालकुआं पोषक। | | | |
| | | 11 के०वी० पोषक | समस्त 11 के ०वी० पोषक प्रभावित। | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912

"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

पत्रांक: 4310 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 06.10.2025

अधिशासी अभियन्ता


# श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में मां भगवती जागरण आयोजित

रुद्रपुर। मटकोटा स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार रात मंदिर कमेटी द्वारा मां भगवती के जागरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विध ायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने मंदिर परिसर में माता रानी के दर्शन किए और आयोजन की सफलता की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर कमेटी की ओर से पूर्व विधायक ठुकराल को मां भगवती की चुनरी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोध न में उन्होंने कहा इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। मां भगवती की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे, यही मेरी कामना है। मैं मंदिर समिति के इस प्रयास की सराहना करता हूं, जो समाज को भक्ति और सेवा के पथ पर जोड़ने का कार्य कर रही है। रात्रि जागरण में प्रसिद्ध भजन गायकों ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक



भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु भजनों पर देर रात तक झूमते नजर आए। पूरा मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर हो गया। भोर में तारा रानी की पावन कथा का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत मां भगवती की आरती हुई और भोग लगाकर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।जागरण मे समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर ,मंदिर कमेटी के संरक्षक राज नारायण, आशीष ढांडा, उदय, रविंद्र कुमार ढाका, अध्यक्ष परिमल कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, सचिव शोभित सक्सैना, वार्ड नंबर 40 के पार्षद वीनू कुमार,अमित गौड़, राकेश कुमार, राज किशोर, मनोज कुमार, गौतम पांडे, महेंद्र चिड़ीलिया, गोपाल जयसवाल, राकेश कुमार, राजेश, प्रकाश जोशी, अमरजीत, दीपक, टेक बहादुर ,ललित गोयल, संतोष गुप्ता, उमाशंकर, अरविंद अग्रवाल, संतोष पाल, पंकज, अमन, विवेक, संजय, ऋषभ, सर्वेश, जय, विवेक, विपुल, हिमांशु, युवराज, ममता जीना आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति के लिए करेगा प्रेरित : सीएम

## मुख्यमंत्री ने लैंसडाउन में शहीद सम्मान समारोह मे किया प्रतिभाग,शहीदों के परिजनों एवं आश्रितों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को लैंसडाउन, पौड़ी गढ़वाल में आयोजित शहीद सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने लैंसडाउन की पावन धरती से शहीदों की अमर वीरगाथाओं और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों एवं आश्रितों को ताम्रपत्र और अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने आर्मी बैंड का निरीक्षण कर आर्मी सैन्य धाम में ले जाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सैनिकों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोटद्वार में स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त किए जाने, निदेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों की नियुक्ति कर निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाने, जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि अन्य स्रोतों से अनुदान प्राप्त न करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैन्य धाम केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं बल्कि अमर आत्माओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी को सैन्य धाम में लाया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश रुपए 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दिया गया है। साथ ही परमवीर चक्र विजेताओं को अब 1.5 करोड़ की राशि दी जाएगी। शहीद के अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है। सैनिकों को भूमि खरीद पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी के रूप में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। शहीदों के परिजनों को सरकारी सेवा में संयोजन के तहत 28 परिजनों को अब तक नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा 13 मामलों की प्रक्रिया आज लैंसडाउन में सफल समापन हुआ है। उन्होंने बताया कि यात्रा का दूसरा चरण 25 सितंबर को देहरादून से प्रारंभ हुआ था, जो आज लैंसडाउन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शेष 71 शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी लायी जा चुकी है, जिसे सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व अमर जवान ज्योति में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सदैव सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान एवं कल्याण के प्रति संवेदनशील रहते हैं, कदम है। विधायक दिलीप सिंह रावत ने वीर सपूतों के पराक्रम और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद सम्मान यात्रा की झलकियों पर आधारित विशेष वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित की गयी, जिसने उपस्थित जनसमूह को शहीदों के गौरवशाली इतिहास और योगदान से अवगत कराया। सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी ने सभी अतिथियों, शहीद परिवारों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह आयोजन न केवल




जवानों को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गब्बर सिंह नेगी मेमोरियल में उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा वीर गब्बर सिंह नेगी जैसे अमर सपूतों के कारण ही आज देश सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी से भरे ताम्र कलशों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने मौन रखकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गौरतलब है कि इन ताम्र कलशों में एकत्रित शहीदों के आंगन की पावन माटी को देहरादून में बन रहे भव्य गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयहरीखाल का उच्चीकरण किए जाने, राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया का नाम शहीद कमल सिंह रावत के नाम पर, हाईस्कूल डोबरियासार का नाम शहीद अनुज सिंह नेगी के नाम पर, बरुआ-चिणबो मार्ग का नामकरण शहीद केशवानंद ध्यानी के नाम पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण शहीद हरीश जोशी के नाम पर एवं जयहरीखाल-गुमखाल मार्ग का नामकरण शहीद खुशाल सिंह नेगी के नाम पर किए के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया है। उन्होंने कहा 25 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 शहीदों के परिजनों के आंसुओं का सम्मान है। यह निर्माणाधीन सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। यह उन शहीदों के लिए हमारी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान बलिदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में लगभग हर घर का सदस्य सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़ा है। राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को गतिमान है। पूर्व में आवेदन हेतु 02 वर्ष का समय सीमा थी, जिसे बढ़ाकर 05 वर्ष कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन, आधुनिक उपकरण, जैकेट एवं जूते जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है और दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तरह ही "एक पेड़ शहीदों के नाम" लगाने का आग्रह भी किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। हम शहीदों को मृतक नहीं, बल्कि अमर वीर मानते हैं। आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो यह हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का परिणाम है। सैनिकों एवं उनके परिवारों का सम्मान और सहयोग केंद्र तथा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों एवं अग्निवीरों को समूह ग की वर्दीधारी राजकीय सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना एक सराहनीय शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर बना, बल्कि सैन्य धाम निर्माण की दिशा में जनता और सरकार की एकजुट की संकल्प शक्ति का प्रतीक भी रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, कर्नल ऑफ द रेजिमेंट ले.ज. डी.एस राणा, ले. ज. शरत चंद्र (से.नि.), ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग पं. राजेंद्र अंथवाल, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मेयर कोटद्वार शैलेन्द्र सिंह रावत, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा से संस्कार तक एक विरासत का संकल्प

## जनसंघ से भाजपा तक सुभाष तनेजा की यात्रा, अब बेटे हर्ष तनेजा को सौंपी सेवा की मशाल

ऊधम सिंह नगर। राष्ट्र सेवा को समर्पित विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसी अवसर पर नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों स्वयंसेवकों ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी श्री तनेजा अपने पुत्र अधिवक्ता हर्ष तनेजा के साथ पथ संचलन में सम्मिलित हुए। पिता-पुत्र की यह प्रेरणादायक जोड़ी समाज में सेवा, संस्कार और समर्पण का सशक्त संदेश देती दिखाई दी। श्री तनेजा ने अपने जीवन की यात्रा जनसंघ से प्रारंभ कर भाजपा तक सेवा और संगठन को समर्पित की। उन्होंने समाज में सेवा की परंपरा को जीवंत रखते हुए अब यह विरासत अपने पुत्र को सौंप दी है। श्री तनेजा के पुत्र अधिवक्ता हर्ष तनेजा ने कहा मेरे पिता ने जिस तरह निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा की है, मैं भी उसी मार्ग पर चलने का संकल्प लेता हूँ। सेवा केवल परंपरा नहीं, यह हमारे परिवार का संस्कार है।



# पतलोट में ग्रामीणों को बांटे फलदार पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्यावरण विद एवं पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी आशुतोष पंत द्वारा नैनीताल जिले के औखलकांडा ब्लॉक के पतलोट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में में भारी संख्या में स्थानीय जनता की उपस्थिति रही। यहां विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।गर्भवती महिलाओं को शासन की ओर से पुष्टाहार के किट दिए गए। श्री पंत ने इन महिलाओं को अनार और अन्य फलों के पौधे भेंट किए गए जो स्वास्थ्य और सौभाग्य के प्रतीक हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नवीन वर्मा, विधायक राम सिंह कैड़ा, जिला पंचायत सदस्य डिकर सिंह मेवाड़ी, ब्लॉक प्रमुख श्री रुबाली, नरेश नयाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्री पंत ने और पर्यावरण का रक्षण करना है। फलोत्पादन बढ़ाकर ग्रामीण अपनी सेहत के साथ समृद्धि भी पा सकते हैं साथ ही



ग्रामीणों को च्यूरा, तेजपत्ता, आंवला, अनार के पौधे भेंट किए गए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य बागवानी को प्रोत्साहित करना पर्यावरण की सेहत भी सुधार सकते हैं।इस दौरान चंदन पनेरू, उमेश भट्ट, विष्णु सक्सेना, निर्मल चम्याल, अंकित ने सहयोग किया।

# रुद्रपुर का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया में बना हनुमान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऑस्ट्रेलिया में हुए श्रीराम लीला मंचन में रुद्रपुर के लक्ष्य ने हनुमान का किरदार प्रभावी तरीके से निभाया।हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऑस्ट्रेलिया के समय के अनुसार चार अक्टूबर दिन रविवार को एडिलेड में श्रीराम लीला का मंचन किया गया। रुद्रपुर के समाजसेवी विजय विरमानी के पुत्र लक्ष्य ने हनुमान का रोल किया। लक्ष्य ने लोक निर्णय को मोबाइल पर फोन कर बातचीत में बताया कि वह मुरादाबाद से गदा और श्री हनुमान का ड्रेस रुद्रपुर से मंगवाई है। घर का माहौल धार्मिक रहा है इसलिए दादी, माता और पिता की प्रेरणा से धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेकर सेवा कार्य करते हैं।श्रीराम लीला मंचन में वर्ष,2022 से श्री हनुमान का किरदार निभाते हैं।यह किरदार निभाकर अच्छा अनुभव और खुशी होती है।इसके जरिए श्रीराम और हनुमान के आदर्शों पर चलने को प्रेरित करते हैं।






# मानसिक रूप से कमजोर किशोरी लापता


रुद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र के शिवनगर वार्ड नंबर 9 से 15 वर्षीय एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने थाना पहुंचकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरीशंकर पुत्र डोरीलाल निवासी शिवनगर वार्ड नं. 9, रुद्रपुर ने तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री कविता राठौर (उम्र लगभग 15 वर्ष) 4 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारी और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन लड़की का कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।



# अगले साल शुरू हो होगा पिथौरागढ़ एवं रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का संचालन: धन सिंह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में प्रथम वर्ष में प्रवेशरत एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के व्हाइटकोट सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रेक्षागृह में रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि राज्य निरंतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है, यह जीता जागता उदाहरण प्रदेश में निरंतर संचालित हो रहे मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय हैं। उन्होंने कहा कि कदम रखने जा रहे हैं,वह हमेशा ही अपने मन में सेवा का भाव रखें। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य में निरंतर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुधार करने हेतु कार्य कर रही है आज वर्तमान में प्रदेश में 400 बच्चों को सरकार अपने खर्चे पर नियुक्ति कर दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 180 प्रोफेसर तथा रीडर की नियुक्ति की गई थी जिसमें से 80 के द्वारा अपनी जोइनिंग दे दी गई है। राज्य में प्रत्येक 15 दिन में फैकल्टी इंटरव्यू होने जा रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त कॉलेज में बेहतर भोजन पानी के साथ ही छात्र-छात्राओं के खेल की व्यवस्था वह ई लाइब्रेरी के साथ ओपन जिम की व्यवस्था भी बेहतर की जा रही है उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं इन अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित कराई सरकारी नौकरी दी गई है जिसमें से 9000 सरकारी नौकरी स्वास्थ्य विभाग दे चुका है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ एवं रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का संचालन भी अगले वर्ष हो जाएगा। इस अवसर पर विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी,सुरेश





नैनीताल उधमसिंह नगर ,अजय भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में प्रवेषरत वर्ष 2025 -26 के एमबीबीएस के कुल 125 छात्र छात्राओं को व्हाइट कोट पहनाने के साथ ही महर्षि चरक शपथ दिलाते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य में अनेक सुविध ाओं का विकास हुआ है दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित चिकित्सालयों में भी चिकित्सक एवं अन्य मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही आधुनिक मेडिकल उपकरण भी चिकित्सालयों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नए मेडिकल के छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह मेडिकल के क्षेत्र में अपना पी जी करा रही है जिससे वर्ष 2027 तक शत प्रतिशत चिकित्सा विशेषज्ञ हमारे राज्य में उपलब्ध हो जाएंगे। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के नियुक्ति हेतु शीघ्र ही 400 सहायक प्रोफेसर के इंटरव्यू प्रारंभ होने वाले हैं जिसमें से 50 सहायक प्रोफेसर हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में कार्मिकों के पदों को बढ़ाया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि 125 जो चिकित्सकों को आज महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई है इनमें से प्रत्येक चिकित्सक को पांच परिवारों को गोद लेने का निर्णय लिया गया है। यह चिकित्सक 5 साल तक इन पांच परिवारों के स्वास्थ्य की देखभाल की जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने कहा कि मेडिकल जाएंगी। उन्होंने आह्वान किया कि नशा मुक्त राज्य बनाए जाने हेतु आगे आकर कार्य करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी दी जाएगी। इसी दौरान 55 करोड़ की लागत के चिकित्सा उपकरण यहॉ उपलब्ध कराए गए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में विगत 3 वर्षों में 25 हजार लोगों को भट्ट ,डॉ अनिल डब्बू,दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ अजय आर्या, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जी एस तितियाल,निदेशक कैंशर इंस्टीट्यूट डॉ के सी पाण्डे, मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉ अरुण जोशी, सीएमओ डॉ हरीश पंत सहित मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर, छात्र-छात्रा आदि मौजूद रहे।

# आत्म निर्भर भारत का संकल्प हो रहा साकार: जोशी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के हल्द्वानी संभाग कार्यालय में आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के अंतर्गत एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और उत्तराखंड की धामी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की विगत चार वर्षों की प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार मुख्यमंत्री का केंद्र सरकार के साथ सशक्त समन्वय प्रदेश के चहुंमुखी विकास को गति दे रहा है। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में हुई नई नियुक्तियों, आपदा प्रबंध न के तहत मुख्यमंत्री द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरों और राहत कार्यों की जानकारी भी दी। श्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर संकल्प योजना का देश और प्रदेश दोनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जो भारत को विकास की नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर प्रदेशभर में संगठन के कार्यकर्ता स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। साथ ही, 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाते हुए स्थानीय उत्पादों और सेवाओं के अधिकाधिक उपयोग का भी आग्रह किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान श्री जोशी ने उत्तराखंड भाजपा में संगठनात्मक नियुक्तियों की जानकारी भी साझा की। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, जिला सह-मीडिया प्रभारी विनोद तिवारी और जिला आईटी संयोजक अमित चौधरी भी मौजूद रहे।



# जर्जर सड़क के लिए छात्र संघ उपाध्यक्ष ने उठाई आवाज

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में कैंटीन से लेकर छात्रावास तक की जर्जर सड़क को लेकर छात्रों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्षों से लंबित इस सड़क के निर्माण को लेकर अब छात्र संघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द कार्य शुरू कराने की मांग दोहराई है। कॉलेज परिसर की यह सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाल स्थिति में है, जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्ष 2023 में तत्कालीन छात्रा उपाध्यक्ष शिवानी शर्मा ने भी मुख्यमंत्री से इस सड़क के निर्माण की मांग की थी। इसके बाद यह मुद्दा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराया गया और कई बार छात्र नेताओं ने जनप्रतिनिधियों से भी इसकी शिकायत की। लंबी प्रक्रिया के बाद मंडी परिषद की ओर से 90.20 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसे उच्च शिक्षा विभाग को भेजे जाने की बात कही गई थी। लेकिन लम्बा समय बीतने के बावजूद प्रस्ताव अभी तक स्वीकृति की प्रतीक्षा में सरकारी फाइलों में ही अटका हुआ है। अब छात्र संघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट ने जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। चेतन ने कहा कि कैंटीन से छात्रावास तक की सड़क की हालत अत्यंत दयनीय है, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि छात्रहित को देखते हुए शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

# विधायक अरोरा ने माँ भगवती के दरबार में लगाई हाजिरी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 1, तीन पानी डाम स्थित दुर्गा एनक्लेव में मां भगवती के जागरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विध ायक शिव अरोरा विशेष रूप से शामिल हुए और मां दुर्गा के चरणों में नतमस्तक होकर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक अरोरा ने कहा कि दुर्गा एनक्लेव में सजे इस सुंदर दरबार में महामाई के भजनों व गुणगान से भक्तों ने धर्म लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा से जीवन के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं और हमें सेवा भाव के साथ सामाजिक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। विधायक ने यह भी कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आत्मबल प्रदान करते हैं, बल्कि समाज को संगठित करने और सनातन संस्कृति को सुदृढ़ बनाने का कार्य भी करते हैं। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा एनक्लेव के निवासियों ने विधायक शिव अरोरा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद पवन राणा, एमपी मौर्य, वीपी सिंह, मनोज ठाकुर, अजीत कुमार, रणजीत बिष्ट, भागीरथ कश्यप, सुनील यादव, गीता शर्मा, उर्मिला मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# भव्य झांकियों के साथ निकली श्री राम की शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान से रामलीला संचालन समिति के तत्वावधान में नगर में शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री राम जी के राजगद्दी रथ को फूलों से सजाया गया। शोभायात्रा संयोजक तनुज गुप्ता ने बताया कि डोले मे कई अखाड़ों और झांकियों का प्रदर्शन किया गया । जिसमें काली अखाड़ा, महाकाल अखाड़ा, बड़े हनुमानजी, महारास रोड शो, दुर्गा जी मौन शो, गणेश जी मौन शो, नव दुर्गा झांकी, छोलिया नृत्य, नंदा सुनंदा सहित लगभग 40 झांकियां सजाई गई। संचालन समिति से रिसीवर गोपाल चौहान, विवेक कश्यप, एनबी गुणबंत, भवानी शंकर नीरज, मनोज गुप्ता, अतुल अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र मुन्ना, तरंग अग्रवाल ने शोभा यात्रा की अगुवाई की। सर्वप्रथम भगवान श्री राम दरबार का तिलक किया गया और सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों ने भगवान की राजगद्दी की आरती की। बाजार में जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत फूल वर्षा और आरती से किया गया। शोभा यात्रा में अनेकों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। वैश्य युवा समिति के अतुल, कपिल, प्रिंस, तनिष्क सनवाल, रितेश जोशी, सुशील शर्मा, यश गुप्ता, तुषार सोनकर, वैभव गुप्ता , महेश राजा , वंश गुप्ता ने सहयोग किया



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ के प्रथम बार किच्छा आगमन पर अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर जोरदार स्वागत किया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन के विस्तार और प्रत्येक अल्पसंख्यक वर्ग तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव हर वर्ग को सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अनीश गौड़ जैसे ऊर्जावान और कर्मठ नेता के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन और अधिक मजबूत होगा।कार्यक्रम का संचालन बाबू अल्वी ने किया।कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन, ग्राम प्रधान दरउ गफ्फार खान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम, बाबू अल्वी, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, मतलब अल्वी, लियाकत अली, नाजिम मलिक, जीशान मलिक, सानू, शाकिर, हाशिम, अजीम, अबरार, सलीम कुरैशी, अमर खान, गफ्फार खान, इस्लाम यासीन, अयान , तत्हीर अहमद ,भूरा ,छोटू, शानू खान, इमरान समेत मोर्चा पदाधिकारी, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गाजा में शांति की पहल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीस सूत्री शांति योजना की कुछ शर्तों पर हमास की ओर से सहमति जताना वास्तव में महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसे गाजा में शांति कायम होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि इजराइल पहले ही इस योजना पर आगे बढ़ने को लेकर अपनी इच्छा जता चुका है। अब इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस योजना के पहले चरण के लिए तैयारियां तेज करेगी। मगर, इजराइल की ओर से शनिवार को गाजा पर फिर हमला किए जाने की खबरों ने शांति के इन प्रयासों की राह में विरोधाभास पैदा कर दिया है।यह तब हुआ है, जब हमास की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका ने इजराइल को गाजा पर हमले तुरंत रोकने को कहा। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि इस ताजा हमले के पीछे स्थानीय कारण हो सकते हैं और इसे शांति के मार्ग में बाधा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मगर, ऊहापोह की इस स्थिति में इतना तय है कि अगर इजराइल और हमास एक-दूसरे पर फिलहाल हमले बंद करने का सैद्धांतिक तौर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेते हैं, तो इस योजना पर आगे बढ़ना आसान नहीं होगा।अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास ने अपने बयान में कहा है कि वह बंधकों को रिहा करने और सत्ता अन्य फिलिस्तीनियों को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, इस बयान में हमास के हथियार डालने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो अमेरिकी प्रस्ताव में शामिल इजराइल की एक प्रमुख मांग थी। इसके साथ ही हमास ने प्रस्ताव की अन्य शर्तों पर कहा है कि इन्हें लेकर संगठन के भीतर कुछ विरोधाभास है, जिन पर विस्तृत चर्चा करने की जरूरत है। यानी हमास अभी इस प्रस्ताव पर पूरी तरह सहमत नहीं है। जाहिर है कि वह किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले प्रमुख शर्तों के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभावों और आशंकाओं का आकलन करना चाहता है। अब सवाल यह है कि इजराइल ने बिना देर किए अमेरिकी प्रस्ताव पर तत्काल सहमति कैसे और क्यों जता दी! इसका जवाब प्रस्ताव की शर्तों में ही छिपा है। माना जा रहा है कि ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष में है और जहां उसे संदेह है, वहां कोई बीच का रास्ता निकालने की गुंजाइश बनी रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि गाजा में शांति की इस पहल को एक अवसर के रूप लिया जाना चाहिए और दोनों पक्षों को इस पर बिना किसी संकोच के आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अगर इजराइल ने गाजा में बमबारी तुरंत नहीं रोकी, तो शांति की कोशिशें पटरी से उतर सकती हैं।

## सुचिता चौहान 'चाणक्य पुरस्कार' से सम्मानित

देहरादून। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर नव विहान एवं मिशन न्यू इंडिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पुलिस लाइन देहरादून की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुचिता चौहान को 'चाणक्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें उन विशेष प्रयासों के लिए दिया गया, जिनके तहत उन्होंने विशाखा विहार और पृथ्वी भूमि क्षेत्र से आने वाले स्कूली बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। सुचिता चौहान ने बच्चों के घर-घर जाकर, गलियों, मंदिरों और चौराहों से उन्हें स्कूल लाने का जिम्मा खुद उठाया। साथ ही उन्होंने समुदाय के सहयोग से इन बच्चों के लिए जूते, बस्ते और शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध करवाई।उनकी इस नि:स्वार्थ सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए संस्था ने उन्हें 'चाणक्य पुरस्कार' से सम्मानित किया।

# देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड 2025 से प्रतिभाओं को किया सम्मानित

### जलवायु परिवर्तन,पशु क्रूरता, ग्रीन इंडिया,नशा उन्मूलन तथा साईबर क्राइम पर हुई चर्चा

गदरपुर। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड से नवाजा गया । इस कार्यक्रम में ग्रीन इंडिया,पशु क्रूरता,नशा उन्मूलन एवं साइबर क्राइम पर भी जागरूकता अभियान चलाए जाने पर जोर दिया गया। बजाज कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी वैभव सैनी,मुख्य अतिथि योग गुरु सोहित योगी, योग गुरु डा. प्रदीप योगी,कॉलेज के एमडी पवन बजाज, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश पाल, सेलेब्रिटी गेस्ट सिमरन कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उत्तराखंड संस्कृति विभाग के छोलिया नृतक दल ने छोलिया डांस पर जबरदस्त परफार्मेंस देकर सभी का मन मोह लिया। संपादक प्रदीप फुटेला ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है जिससे वह अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित कर सके। कार्यक्रम में तीन दिव्यांग खिलाड़ियों को भी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया साथ ही यह संदेश देने की कोशिश की गई यदि हौंसला है तो बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी वैभव सैनी ने नशे की बढ़ रही प्रवृत्ति तथा साईबर क्राइम पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि इनसे बचने का एकमात्र उपाय केवल जागरुकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अपराधी लोगों को ठगने के नए-नए रास्ते खोज रहे हैं इनसे सतर्क रहने की जरूरत है।डांस एली की डायरेक्टर शीना ठुकराल की टीम के बच्चों ने पंजाबी गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान योग रत्न से सोहित योगी, डॉ. प्रदीप योगी, तथा मोहित योगी,बादशाह इंफ्राटेक के एमडी एवं समाजसेवी लाल बादशाह, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मनोज गुंबर,हॉरर फिल्म के निर्माता तथा एक्टर लकी खान, सेलेब्रिटी गेस्ट सिमरन कौर, स्टाइलिश मॉडल परवीन खान, सलोनी जोशी,एक्टर संदीप दुग्गल, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश पाल,मोनिका चौधरी,मौसमी कौल,रूह ऋषि,सतपाल चौधरी,बिजनेस रत्न अवॉर्ड से विंडल्स प्रेसिशन के प्लांट हेड तथा जनरल मैनेजर राजेश छिब्बर,एस.के. फ्रूट के एमडी कश्मीर कांबोज, आनंद ज्वैलर्स के एमडी रवि सचदेव,अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज के एमडी मुनि भूसरी, साईं सीड्स के एमडी सतीश मुंजाल,वसुंधरा सीड्स से गौरव मदान,राकेश गुंबर,राजेश अग्रवाल,अशोक छाबड़ा, स्वास्थ्य के क्षेत्र से पद्मश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश,वैद्य राजन पाटनकर मुंबई ,शिक्षा के क्षेत्र से वंदना शर्मा,आरती पाठक,डॉ. सुधा पाल,साहित्य रत्न से केपी सिंह विकल, पर्यावरण संरक्षण से मदन सिंह बिष्ट, वाइल्डलाइफ नेचर फोटोग्राफी से कमल गोस्वामी, खेल के क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर कॉमनवेल्थ गेम्स विजेता मुकेश पाल,मिस्टर नार्थ इंडिया बॉडीबिल्डर दीपक मुंजाल, एथलीट अजय अग्रवाल, गदरपुर रत्न से विजय सुखीजा, समाजसेवा से हरविंदर सिंह चुग, सरिता ठाकुर,पूनम कुकरेजा, मीडिया से वरिष्ठ पत्रकार सीएम पपनै,गोपाल अरोड़ा,समाजसेवा में तनिषा चावला,संसद भवन में पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन पर व्याख्यान देकर उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाली मुस्कान चावला,एंकर विकास तनेजा,राजेश अग्रवाल अर्पण फाउंडेशन से निशांत सिंघल,दिव्यांग खिलाड़ी प्रेमा विश्वास,अजयजी रावत,आसिफ शाह,बेस्ट मेकअप से नीरू घई, को सम्मानित किया गया।



## मेडिकल स्टोर की दीवार तोड़कर नगद व दवाइयाँ उड़ाई

शक्तिफार्म। टैगोर नगर तीन पानी स्थित हर्षित मेडिकल स्टोर में शनिवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अंदर रखी नगदी, दवाइयाँ तथा सीसीटीवी की मॉनिटर तक उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार, बैकुंठपुर निवासी विरंची पद वाईन की टैगोर नगर तीन पानी में हर्षित मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। शनिवार की रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर गए थे। रविवार सुबह पड़ोसी मिठाई दुकान स्वामी ने उन्हें चोरी की सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान की पिछली दीवार तोड़ी गई है और अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। चोरों ने दुकान में प्रवेश करने के बाद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे को कागज के लिफाफे से ढक दिया। इसके बाद करीब पचास हजार रुपये नगद, हजारों रुपये की दवाइयाँ, और सीसीटीवी मॉनिटर चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना पर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। इसी दौरान चोरों ने बगल की मिठाई की दुकान में भी हाथ साफ करने की कोशिश की और गल्ला तोड़ दिया, लेकिन उसमें नकदी नहीं मिली। गौरतलब है कि लगभग चार माह पूर्व भी इसी क्षेत्र के सीएससी केंद्र और परचून की दुकान में चोरी की घटना हुई थी।

## दो ट्रांसपोर्ट फर्मों पर मारा छापा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य कर विभाग द्वारा कर चोरी कर मोटा मुनाफा कमाने वाले दो ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। रविवार को विभाग ने शहर की दो प्रमुख ट्रांसपोर्ट फर्मों नैनीताल ट्रांसपोर्ट और मामू ट्रांसपोर्ट पर एक साथ छापा मारा। राज्य कर आयुक्त के निर्देश पर रुद्रपुर से आई दो अलग-अलग टीमों ने सुबह लगभग 11 बजे कार्रवाई शुरू की, जो देर शाम तक जारी रही। इस दौरान विभागीय टीमों ने दोनों ट्रांसपोर्ट फर्मों के दस्तावेजों, बिलों और स्टॉक का गहन निरीक्षण किया। जांच के दौरान भारी मात्रा में परचून व अन्य सामान जब्त किया गया। साथ ही सामान से लदा ट्रक भी कब्जे में लिया गया। अचानक हुई इस छापेमारी से शहर के ट्रांसपोर्ट कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंड कर दिया और चले गए। राज्य कर उप आयुक्त विनय ओझा ने बताया कि कर चोरी की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए माल और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जिसके बाद दोनों कारोबारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग ने कर चोरी पर सख्त रुख अपनाया है। हल्द्वानी, रुद्रपुर, किच्छा और काशीपुर में संदिग्ध ट्रांसपोर्ट फर्मों की पहचान कर जल्द ही व्यापक स्तर पर छापेमारी की जाएगी। विभाग का कहना है कि कर चोरी करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी

# नकली दवा कारोबार बेखौफ जारी

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके,उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है।यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सिंतबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका



की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर जरुरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं।विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो उसके तईं जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन देखते-देखते भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है। ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। साथ ही सरकार ने यह हिदायत भी दी थी कि यदि कंपनियां इस अवैध गोरखधंधे पर अंकुश नहीं लगातीं तो सरकार को इस बाबत कड़ा कानून लाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। लेकिन सरकारी चेतावनी की परवाह किए बिना दवा कंपनियों का संघ जो नई आचार संहिता सामने लाया, उसमें उपहार के रूप में लाभ देने का केवल तरीका बदला गया। मसलन तोहफों का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा। संहिता में केवल दवा निर्माताओं से उम्मीद जताई गई है कि वे चिकित्सकों को टीवी, फ्रिज, एसी, लैपटॉप, सीडी, डीवीडी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व नकद राशि नहीं देंगे। लेकिन वैज्ञानिक सम्मेलन, कार्यशालाओं और परिचर्चाओं के बहाने उपहार देने का सिलसिला और चिकित्सकों की विदेश यात्राएं जारी रहेंगी। जाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि भारत में बनने वाली दवाएं करीब 35 प्रतिशत नकली होती हैं। एसौचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# पतलोट में आयोजित बहुद्देशीय शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

नैनीताल(उद संवाददाता)। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड ओखलकांडा के लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह पतलोट में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी नवीन लाल वर्मा द्वारा उत्तराखंड सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्रीय जनता को देते हुए कहा कि सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं को सुना जा रहा है साथ ही उनका मौके पर ही समाधान हो यह प्रयास किए जा रहे इसके अतिरिक्त जनता को उनके घर पर ही जाकर योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके ऐसे प्रयास भी किए जा रहे हैं। पतलोट में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने हेतु विभागीय स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी गई तथा बीपी शुगर हीमोग्लोबिन आदि की नि:शुल्क जांच भी मौके पर की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन एक को विधवा, 4 को विकलांग पेंशन के आवेदन वितरित किए गए तथा पेंशन संबंधी जानकारी दी गई। उद्यान विभाग द्वारा 45 लाभार्थियों को ऑद्यानिकी बीज, दवा आदि वितरित की गई। इसी प्रकार बाल विकास विभाग द्वारा 4 महालक्ष्मी किटों का वितरण किया गया। उद्योग विभाग द्वारा 5 व्यक्तियों को एमएसएमई आवेदन फॉर्म वितरित कर योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल ठीक कराए गए तथा 3 नए संयोजन की कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग की ओर से लगाए गए स्लॉट में 26 व्यक्तियों के आधार अपडेट तथा तीन व्यक्तियों का भूमि हिस्सा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड से संबंधित समस्या का समाधान किया गया। श्रम विभाग द्वारा 15 व्यक्तियों के श्रम संबंधी सत्यापन किया गया। इसी प्रकार पशुपालन विभाग द्वारा 18 व्यक्तियों को उनके पशुओ हेतु दवा दी गई। विकास विभाग द्वारा 24 बीपीएल प्रमाण पत्र बनाए गए इसके अतिथि 30 यूसीसी प्रमाण पत्र भी बनाए गए। एनआरएलएम व रीप की ओर से महिला उत्पादों की बिक्री कराई गई। पंचायती राज विभाग द्वारा 8 विवाह प्रमाण पत्र एवं एक जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया जल संस्थान द्वारा पांच व्यक्तियों के बिलों का संशोधन किया गया। शिविर में विधायक भीमताल रामसिंह कैड़ा, क्षेत्र प्रमुख के डी रुबाली, सदस्य जिला पंचायत दिगर सिंह मेवाड़ी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि विभागों के अधिकारी, कर्मचारी स्थानीय जनता उपस्थित रही।



# स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

शक्तिफार्म। नशे के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी है। इसी क्रम में शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने शनिवार देर रात गश्त के दौरान एक युवक को 4.06 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक प्रकाश भट्ट अपनी टीम के साथ रात्रि करीब साढ़े आठ बजे शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के तहत क्षेत्र में गश्त पर थे। जब टीम सिरसा रोड होते हुए पिपलिया की ओर जा रही थी, तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में कच्चे रास्ते से आता दिखा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज सामन्त (26 वर्ष) पुत्र दान सिंह सामन्त, निवासी शक्तिफार्म मार्केट वार्ड नं. 03, कोतवाली सितारगंज बताया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की जेब से पारदर्शी पन्नी में भरा हल्के मटमैले रंग का पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन किया, जिसमें पन्नी सहित 4.52 ग्राम, तथा शुद्ध वजन 4.06 ग्राम स्मैक (हेरोइन) पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक होटल में वेटर का काम करता है और पिछले दो वर्षों से नशे का आदी है। उसने खुलासा किया कि यह स्मैक उसने पिपलिया निवासी जस्सू नामक व्यक्ति से खरीदी थी। पुलिस ने बरामद स्मैक को मौके पर सील कर सुरक्षित किया तथा आवश्यक वीडियोग्राफी के बाद अभियुक्त सूरज सामन्त को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी प्रक्रिया में सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। उपनिरीक्षक प्रकाश भट्ट ने बताया कि शक्तिफार्म क्षेत्र में नशे के कारोबार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और इस प्रकार की कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी। इस कार्रवाई में सुरेन्द्र सिंह तथा कानि. भवान सिंह की अहम भूमिका रही।


## सूचना

मैने अपने पुत्र नरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू को चाल चलन सही न होने पर अपनी संपत्ति जमीन जायदाद से बेदखल कर दिया है। संपत्ति पर उसका कोई हक नहीं है, जो लेनदेन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा। भविष्य में परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं है।

-कुलवंत सिंह पुत्र निहाल सिंह,निवासी ग्राम नगला,नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर


## एलटी बॉक्स में लगी आग से मची अफरातफरी

शक्तिफार्म।नगर के मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब ओम एजेंसी के सामने लगे विद्युत खंभे पर स्थित एलटी बॉक्स में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और धुआं चारों ओर फैल गया। अचानक हुई इस घटना से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरातफरी मच गई।सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तत्काल लाइन ऑफ कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। बहरहाल, विद्युत कर्मियों द्वारा मरम्मत कार्य के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पुन: सुचारू कर दी गई।

# जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में व्यापारियों को किया जागरूक

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट नगर पंचायत सहित भराड़ी बाजार में स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों तथा आमजन से संवाद कर नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में व्यापारियों को नए कर सुधारों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा स्वदेशी उत्पादों



के उपयोग व प्रोत्साहन पर जोर दिया गया।नगर क्षेत्र में सभी व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में पहुंचकर व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में दी गई छूट से सभी व्यापारियों को लाभ मिलने और महंगाई से निजात मिलने के बारे में जागरूक किया गया।विधायक गढ़िया ने कार्यक्रम ने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों के तहत कर दरों में कमी से उपभोक्ताओं को वस्तुएं पहले से कम दाम पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे आमजन को सीधा आर्थिक लाभ होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, मनोहर राम, चंपा देवी, ओम प्रकाश ऐठानी, आनंद मेहता, हरीश जोशी, गजेंद्र कपकोटी, चंद्र सिंह कपकोटी, कुंदन गढ़िया, भानु गढ़िया, पूरन दानू आदि उपस्थित थे।

# सनातन धर्म मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित

गदरपुर । श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में प्रत्येक माह अष्टमी पर होने वाले मां अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन अरोरा टेंट हाउस के स्वामी श्री चिंतन अरोरा के परिवार द्वारा किया गया,भंडारे में पधारे नव नियुक्त प्रदेश मंत्री (भाजपा) गुंजन सुखीजा,ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ज्योति ग्रोवर,सांसद प्रतिनिधि श्री प्रीत ग्रोवर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुम्बर (मिंटू) जी को श्री सनातन धर्म सभा के पदाधिकारीयों द्वारा पगड़ी एवं पटका पहना कर सम्मानित किया गया एवं शुभकामनाएं दी, इस दौरान लंगर प्रसाद ग्रहण करने हेतु भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे ।



## पेज एक का शेष...

**सोनम वांगचुक की ...** हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि वांगचुक की पत्नी को भी इसकी प्रति दिए जाने पर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को लद्दाख में हुए एक बड़े जन प्रदर्शन के दो दिन बाद एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। यह प्रदर्शन लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। आंदोलन के दौरान चार लोगों की मौत और करीब 90 लोग घायल हुए थे।

**पछुवा दून में लव...**और स्थानीय हिंदू संगठनों ने कोतवाली विकासनगर में युवक के खिलाफ तहरीर दी और उसकी गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। कोतवाल विनोद गुसाई ने बताया कि आरोपी आकिब को गिरफ्तार कर लिया है और अपहरण के प्रयास, पास्को एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। विकासनगर,सहसपुर, जीवनगढ़, सेलाकुई हरबर्टपुर आदि पछवादून के क्षेत्र लव जिहाद के आतंक के साए में है, एक सर्वे के मुताबिक हर माह चार से पांच नाबालिग हिंदू लड़कियां सोशल मीडिया के जरिए मुस्लिम युवकों के जाल में फंसती है फिर उन्हें बहला फुसला कर उनके साथ दुष्कर्म, आपत्तिजनक वीडियो बनाने उनको ब्लैकमेल करने धर्म परिवर्तन का निकाह करने जैसे विषय सामने आए है। विकास नगर कोतवाली की महिला निरीक्षक दीपा शाह बताती है कि इंस्टाग्राम फेसबुक पर छद्म नाम से दोस्ती, व्हाट्सअप कॉल के जरिए संपर्क किए जा रहे है और स्वाभाविक है कि अभिभावकों में इन विषयों की जानकारी न रहने से ऐसी घटनाएं बढ़ रही है। उत्तराखंड सरकार ने सख्त धर्मांतरण कानून तो लागू किया है किंतु लव जिहाद जैसे मामलों में उक्त कानून की धाराओं का प्रयोग न के बराबर किया जा रहा है।जिसकी वजह से मुस्लिम युवकों के हौंसले बढ़े हुए है और उनके द्वारा ऐसी घटनाओं को बिना किसी भय के अंजाम दिया जा रहा है।

**किसानों की समस्याओं ...**जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है,उनको फसल का उचित मुआवजा प्रदान करने , फसल की सिचाई हेतु लगाये गये ट्यूबैल के बिजली बिल माफ करने , रजिस्ट्री बैनामें पर लगाया गया प्रतिबंध हटाने, प्रदेश के नवयुवकों को रोजगार प्रदान करने की मांग की गयी। धरना स्थल पर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान खरीद के नाम पर किसानों को धोखे में रखा है। समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा और गन्ना किसानों को भी उनका हक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए ताकि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिल सके। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की तकलीफों को नजरअंदाज कर रही है। खाद की भारी किल्लत है और बिजली के बढ़ते बिलों ने ग्रामीण जनता की कमर तोड़ दी है। साथ ही भूमि रजिस्ट्री पर रोक के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं, जिससे व्यापक स्तर पर बेरोजगारी फैल रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु गावा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में भारी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे यह संदेह गहराता है कि प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर वोट चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से छेड़छाड़ जारी रही, तो कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक सरकार को घेरने के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियां ग्रामीण महिलाओं को भी प्रभावित कर रही हैं। खाद की कमी और बिजली बिलों का बोझ ग्रामीण परिवारों पर दोहरी मार डाल रहा है, जिससे महिलाएं भी मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही हैं। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों से जुड़े सभी मुद्दों पर शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीपी शर्मा, अनिल शर्मा, नवतेज पाल सिंह, संदीप चीमा, शहनाज हुसैन, गुरजीत सिंह गित्ते, ममता हालदार, गणेश उपाध्याय, राजेंद्र शर्मा, योगेश चौलान, त्रिनाथ विश्वास, हसनैन मलिक, आदम मलिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**धान खरीद में ...**में न तो कोई सरकारी निगरानी है और न ही किसानों की सुनवाई। यूनियन ने साफ कहा कि सरकार अगर समर्थन मूल्य पर सभी किसानों का धान खरीद सुनिश्चित नहीं करती तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरने की अगुवाई कर रहे तराई किसान यूनियन के अध्यक्ष तजेंद्र सिंह विर्क ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अन्नदाता को ही अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा गया तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में यूनियन से जुड़े हेमंत जोशी, अशोक कुमार, गुरजीत सिंह, दीप नारायण, गोलक गाईन, दीप चंद्र, विवेक, प्रेम चंद्र, देवेंद्र सिंह, मक्खन सिंह, गुरदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोख सिंह, सुरजीत सिंह, सरवन सिंह, सुखदेव सिंह, रणजीत सिंह, साहब सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे

**शिकायत के बाद...**खिलाफ नारेबाजी भी की ओर पुलिस से माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की। लोगों का कहना था कि अवैध शराब के कारोबारी युवा पीढ़ी में नशे का जहर घोल रहे हैं। आसानी से कच्ची शराब घर घर उपलब्ध होने के कारण युवा पीढ़ी नशे के गर्त में जा रही है। इस दौरान पुलिस ने लोगों को मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान दिनेश, दिवाकर, हरिकृष्ण, बंटी, गोपाल, संजय, जीतू, राहुल, रोहित, अनीता बर्मन, मीना, अनीषा, संजय, जीवन लाल, मुकेश, मनीष, अनिल गंगवार, राजेश, बृजलाल श्रीवास्तव, अशोक, परशुराम, मोहित पाल, सरस्वती, हरकुमार, तरूण बर्मन, संजीव, आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**फिलहाल नहीं आएंगे...**उत्तरकाशी जिले में 120 और पौड़ी जिले में 248 स्कूलों में प्रधानाचार्य के पद खाली हैं।रुद्रप्रयाग जिले में भी 100 विद्यालयों में प्रधानाचार्य की स्थायी तैनाती नहीं हुई है। इसके अलावा चमोली जिले में भी 192 स्कूल प्रधानाचार्य के बिना चल रहे हैं।इसी तरह तरह कुमाऊं मंडल में बागेश्वर जिले में 89 विद्यालय प्रधानाचार्य के बिना चल रहे हैं। नैनीताल में 150 विद्यालयों में प्रधानाचार्य नहीं है। पिथौरागढ़ में 209 विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। जबकि, अल्मोड़ा में 258 स्कूलों में प्रधानाचार्य की नियुक्ति ही नहीं हुई है। चंपावत में भी 102 स्कूलों में प्रधानाचार्य के पद खाली पड़े हैं। उधम सिंह नगर के 93 स्कूल प्रधानाचार्य विहीन हैं। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में क्लर्क से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी तक के पद भी भारी संख्या में खाली पड़े हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षकों को ही इन पदों से जुड़े कामों को करना होता है या उसकी व्यवस्था करनी होती है। जिसके चलते शिक्षक का कार्य प्रभावित होता है और छात्र-छात्राएं नतीजतन छात्र-छात्राएं सरकारी स्कूल से मुंह मोड़ते चले जाते हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# उत्तराखंड में सभी जिलों के मेडिकल स्टोरों से लिए जा रहे हैं कफ सिरप के सैंपल : एफडीए

## बाहरी राज्यों से भेजे गए 30 सैंपल फेल, 11 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए हानिकारक है दवा

देहरादून। कफ सिरप को लेकर उठे गंभीर सवालों के बीच उत्तराखंड में खाद्य एवं औषधि प्रशासन एफडीए सतर्क हो गया है। सोमवार को एफडीए की ओर से प्रेस वार्ता कर प्रदेशभर में चल रही छापेमारी की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि जगह-जगह मेडिकल स्टोरों से सैंपल लिए जा रहे हैं और उन्हें जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। एफडीए ने खुलासा किया कि बाहरी राज्यों से भेजे गए 30 सैंपल फेल पाए गए हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि उत्तराखंड में अब तक इस श्रेणी की कोई प्रतिबंधित दवा सप्लाई नहीं हुई है। इसके बावजूद सतर्कता बरतते हुए क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है और देहरादून और रुद्रपुर में दो विशेष लैब स्थापित की गई हैं। के अधिकारियों ने कहा कि यह दवा 11 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती है। इसी को देखते हुए एफडीए ने डॉक्टरों से अपील की है कि बच्चों को ऐसी प्रतिबंधित दवाएं बिल्कुल भी न लिखें। बता दें सभी जिलों में एफडीए की छापेमारी जारी है। साथ ही इस मामले में बच्चों के माता-पिता को जागरूक किया जा रहा है। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में यह अभियान हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा के सेवन से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद शुरू किया है। थ्क। की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों पर छापे मारे। दो साल से कम उम्र के बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा नहीं दी जानी चाहिए। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में इन दवाओं का सामान्य उपयोग अनुशंसित नहीं है।केवल विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह, सही खुराक और न्यूनतम अवधि के लिए ही इनका उपयोग किया जा सकता है। सरकार ने विशेष रूप से Deñtromethorphan युक्त सिरप और Chlorpheniramine Maleate $ Phenylephrine Hydrochloride संयोजन वाली दवाओं को चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंधित किया है।



# प्रदेश में जमीन के नए सर्किल रेट लागू, 22 प्रतिशत तक हुई बढ़ोतरी

देहरादून। प्रदेश में नए सर्किल रेट लागू कर दिए गए हैं। सर्किल रेट में दो



साल बाद हुई यह बढ़ोतरी 22 प्रतिशत तक की है। तेजी से हो रहे निर्माण व जमीनों की खरीद फरोख्त को देखते हुए सरकार ने यह वृद्धि की है। इससे अब जमीन खरीदने के साथ बहुमंजिला आवासीय भवन में घर और व्यावसायिक भवनों में दुकान खरीदना महंगा होगा। प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को रविवार से नए सर्किल रेट लागू करने के आदेश दे दिए हैं। वर्तमान सर्किल रेट में इस बार 9 से 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। जमीनों व आवासीय फ्लैटों की रजिस्ट्री से सरकार का राजस्व बढ़ेगा। इससे पहले प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में सर्किल रेट में बढ़ोतरी की थी। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने भी नए सर्किल रेट लागू होने की पुष्टि की है।बता दें कि प्रदेश सरकार ने उन क्षेत्रों में सर्किल रेट बढ़ाए हैं, जहां पर बड़ी परियोजनाओं और आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है। शासन स्तर पर लंबे समय से नए सर्किल रेट को लेकर मंथन चल रहा था। जिलों की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में सर्किल रेट में त्रुटियों के कारण शासन ने जिलों को दोबारा प्रस्ताव देने को कहा था। रविवार को देहरादून जिला प्रशासन ने नए सर्किल रेट जारी कर पांच अक्तूबर से लागू कर दिए हैं।

# निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम की टीम द्वारा रविवार को प्रशासन के साथ बाजार क्षेत्र में पटेल चौक, मीरा मार्ग , बर्तन बाजार, सदर बाजार, कालाढूंगी चौराहे पर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया एवं फुटपाथ पर अवैध रूप से रखे गए सामानों को जब्त भी किया गया। टीम ने अपनी दुकान के आगे दुकान लगवाने वाले व्यापारियों पर 25 हजार रूपए का चालान भी किया। इसके अतिरिक्त बाजार क्षेत्र में जिन ठेले वालों के पास नगर निगम का वेंडिंग कार्ड नहीं था उन पर भी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा अतिक्रमण एवं अवैध रूप से लगाए जाने वाले ठेलों पर कार्रवाई गतिमान रहेगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा लगातार बाजार क्षेत्र में अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। इस कार्रवाई में नगर आयुक्त, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान भी उपस्थित रहे।









# प्रेम प्रसंग से शुरू हुई कहानी पहुंची थाने तक

## पति की प्रेमिका और उसके पति पर ब्लैकमेलिंग का आरोप!

शक्तिफार्म। यूपी के पीलीभीत जिले की एक महिला ने अपने पति की प्रेमिका और उसके पति के खिलाफ बड़ा खुलासा करते हुए राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि शक्तिफार्म निवासी यह जोड़ा उसके पति को प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल कर रहा है और रुपये न देने पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि करीब 14 साल पहले उसका विवाह शक्तिफार्म क्षेत्र के एक व्यक्ति से हुआ था। कुछ समय बाद पति के व्यवहार में बदलाव आने पर उसे शक हुआ। जब उसने जांच की तो पता चला कि उसके पति का प्रेम प्रसंग एक स्थानीय महिला से चल रहा है। महिला का आरोप है कि आरोपी महिला और उसका पति मिलकर पहले युवकों को प्रेमजाल में फंसाते हैं, फिर गुप्त वीडियो बनाकर लाखों रुपये की वसूली करते हैं। इसी गिरोह के जाल में उसका पति भी फंस गया। अब आरोपी दंपति उससे रुपये की मांग कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि 18 मार्च को जब वह शक्तिफार्म पहुंची, तो आरोपी महिला और उसके पति ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोप यह भी है कि महिला के पति ने उससे छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश और यूपी पुलिस से की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

